लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

वैशाख कृष्ण पक्ष अमावस्या विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 6, अंक 156, पृष्ठ -16+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

21.0° आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। सूर्योदय 05 : 35 सूर्यास्त 06 :45

बरेली, रविवार, 27 अप्रैल 2025

भारत-पाकिस्तान तनाव का बि

**PAGE NO : 11 BOTTOM**

# एआई के दौर में टेक्नोलॉजी में विशेषज्ञता ही आपको आगे रखेगी



टेकव्योम- 2025 में प्रजेंटेशन देता छात्र। ●अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में तकनीकी वार्षिक उत्सव 'टेकव्योम-2025' का आयोजन हुआ, जिसमें विजयी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट, ट्राफी के साथ 50,000 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति ने विद्यार्थियों को सिर्फ जॉब के लिए पढ़ाई न कर इंटरप्रिन्योर बनने का संदेश दिया। कहा कि एआई के दौर में लगातार जॉब कम हो रही हैं। ऐसे में युवाओं के पास टेक्नोलाजी में दक्ष होकर इंटरप्रिन्योर बनने का सुनहरा मौका है। एआई के दौर में टेक्नोलॉजी में विशेषज्ञता ही आपको आगे रखेगी। टेकव्योम जैसे कार्यक्रम आपके लिए बड़ा मंच हैं। इससे पहले 'टेकव्योम' की शुरुआत की गई। एआई संचालित भारतः नवाचार, समावेशन, प्रभाव' विषय पर विद्यार्थियों के ग्रुप टायरो क्लब की ओर से आयोजित कार्यक्रम में टेकगैलरी, टैक्निकल टाक, आविष्कारक, रोबो युद्ध, रिसर्च पेपर एवं पुरातन छात्र मिलन समारोह समेत 32 इवेंट हुए। सचिव आदित्य मूर्ति ने कहा कि आप जो भी सोचते हैं, उसे यह प्लेटफार्म इंप्लीमेंट करने का मौका देता है। इस मौके पर ऋचा मूर्ति, इंजीनियर सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ.एमएस बुटोला, डॉ. शैलेश सक्सेना, डॉ. जसप्रीत कौर, डॉ. मुथु महेश्वरी, डॉ.अनुज कुमार, इंजीनियर विवेक यादव, डॉ.एलएस मौर्य समेत अन्य मौजूद रहे।